हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 एसपी ने देर रात किया पुलिस चौकी लाड़कुई का औचक निरीक्षण...



07 तबादले के बाद भी खाली नहीं किए सरकारी आवास, वसूली के आदेश



खबर संक्षेप

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए "सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार" एवं "बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार" हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर रूपये-10,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को रूपये- 25,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन संबंधित आत्मा कार्यालय अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवश्यक अभिलेखों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्राचीन श्रीनृसिंह लक्ष्मी मंदिर में आज होगी नवमी की महाआरती

सीहोर। शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन श्रीनृसिंह लक्ष्मी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में माता की भव्य प्रतिमा विराजित की गई है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना की जा रही है। संत माधव दास महाराज के सान्निध्य में महाष्टमी पर विशेष आरती की गई। वहीं, सोमवार को नवमी के अवसर पर हवन, महाआरती और कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत मंदिर परिसर में प्रयागराज से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला में सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद की लीला का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। महंत बृजेश ने बताया कि रामलीला के प्रसंग में महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जनकपुर पहुंचे। राजा जनक ने माता सीता के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया था। उन्होंने प्रण लिया था कि जो वीर भगवान शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी के साथ सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में उपस्थित अनेक राजा धनुष को हिला तक नहीं सके।

साप्ताहिक अवकाश रविवार और अष्टमी पर्व के चलते माता के दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

ग्वालियर हादसे से सबक, रविवार को सलकनपुर धाम में भारी भीड़, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस

बता दें शनिवार-रविवार की रात ग्वालियर में एक भीषण सड़क हादसा सामने आया था, जहां एक बेकाबू ट्रक ने सडक़ किनारे चल रहे और लाइन में लगे श्रद्धालुओं को बुरी तरह रौंद दिया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रसिद्ध मां विजयासन धाम सलकनपुर इन दिनों पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। इन नौ दिनों के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ रविवार को देखने को मिली। साप्ताहिक अवकाश और अष्टमी पर्व का अद्भुत संयोग होने के कारण माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। पूरी सलकनपुर पहाड़ी जय माता दी के गूंजते जयकारों से गुलजार रही। हालांकि शनिवार-रविवार की रात ग्वालियर में हुए दर्दनाक हादसे के बाद पुलिस-प्रशासन ने कोई ढिलाई न बरतते हुए विशेष सतर्कता बरती और अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया।

बता दें शनिवार-रविवार की रात ग्वालियर में एक भीषण सडक़ हादसा सामने आया था, जहां एक बेकाबू ट्रक ने सडक़ किनारे चल रहे और लाइन में लगे श्रद्धालुओं को बुरी तरह रौंद दिया था। इस घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया था। इस दुखद हादसे से कड़ा सबक लेते हुए और सलकनपुर में रविवार को उमडऩे वाली भारी भीड़ को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए पुलिस अमला पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाता नजर आया।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

बुधनी के एसडीओपी रवि शर्मा के अनुसार नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए सलकनपुर में 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएसपी रैंक के अधिकारियों के साथ.साथ कई थानों के थाना प्रभारियों को भी मैदान में उतारा गया है। मंदिर परिसर और आसपास के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके अलावा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस के जवान सादी वर्दी में भी तैनात किए गए हैं।

पदयात्रियों की सेवा के लिए पूरे मार्ग पर लगे निःशुल्क भंडारे

माता के दर्शन के लिए दूर-दूर से पैदल चलकर आने वाले पदयात्रियों के लिए पूरे मार्ग पर स्थानीय लोगों द्वारा निःशुल्क भंडारों का आयोजन किया गया है। नवरात्रि के इन नौ दिनों तक जगह-जगह सुंदर पंडाल लगाकर पदयात्रियों के लिए फलाहार, गरमा-गरम पूरी-सब्जी, ताजे फल, चाय और छाछ जैसी तमाम खाद्य सामग्री लगातार वितरित की जा रही है, जिससे भक्तों को मार्ग में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

वाहन पार्किंग की व्यवस्था

मेले में आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग जोन बनाए गए हैं, ताकि मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित न हो और जाम की स्थिति न बने। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पेयजल और अन्य बुनियादी इंतजाम भी किए गए हैं।

सुबह 3 बजे से रात 12 बजे तक खुले रहे मंदिर के कपाट

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट सुबह 3 बजे से लेकर रात 12 बजे तक लगातार खुले रखे गए हैं। इन नौ दिनों तक मातारानी की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई थी, वहीं अष्टमी के पावन अवसर पर भव्य हवन का आयोजन हुआ और इस विशेष दिन पर मंदिर पूरी रात खुला रहा ताकि हर आने वाले भक्त को आसानी से मां के दर्शन मिल सकें।

इस बार 151 ज्योत प्रज्वलित हुईं

शारदीय नवरात्रि के दौरान मां विजयासन धाम में प्रतिदिन 80 हजार से एक लाख तक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन रविवार और अवकाश के दिनों में यह आंकड़ा और भी ऊपर पहुंच जाता है। दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्त नंगे पैर पदयात्रा करके मां के दरबार में हाजिरी लगाने आ रहे हैं। भक्तों द्वारा मनोकामनाएं पूर्ण होने पर मां के दरबार में अखंड दीप (ज्योत) भी जलवाई जाती है। इस बार नवरात्रि में ऐसे 151 श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में ज्योत जलवाई है, जिसके लिए मंदिर समिति द्वारा 1500 रुपये की रसीद काटी जाती है। यह ज्योत लगातार नौ दिनों तक प्रज्वलित रहती है। इस बार मुख्य रूप से देश और क्षेत्र के भक्तों ने ही ये ज्योत जलवाई हैं, हालांकि कई बार यहां विदेशों के भक्तों की ज्योत भी जलती है।

मरीह माता मंदिर में आज विशाल भंडारा, 4 क्विंटल खीर और एक क्विंटल नुक्ती का लगेगा भोग

नवमी पर हवन-पूजन के बाद होगी महाआरती, हजारों श्रद्धालुओं को वितरित की जाएगी प्रसादी

सीहोर। नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के विश्रामघाट स्थित प्राचीन मरीह माता मंदिर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के आठवें दिन रविवार को मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महाष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। वहीं, सोमवार को नवमी के पावन अवसर पर मंदिर में हवन, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद मेवाड़ा और रोहित मेवाड़ा सहित अन्य सेवादारों द्वारा नवमी के आयोजन की तैयारियां की गई हैं।

सोमवार सुबह साढ़े सात बजे हवन प्रारंभ होगा। सुबह साढ़े दस बजे हवन की पूर्णाहुति और महाआरती के बाद विशाल भंडारा शुरू किया जाएगा। इसमें 4 क्विंटल खीर, 1 क्विंटल नुक्ती, नमकीन, आलू-छोले की सब्जी और पूड़ी का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद मंदिर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित



मामा ने बताया कि नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप देवी महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी का स्वरूप अत्यंत गौरवर्ण और सौम्य है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कठोर तपस्या के प्रभाव से माता ने गौर वर्ण प्राप्त किया था। इसी कारण उन्हें महागौरी कहा जाता है। वे धन-ऐश्वर्य प्रदान करने वाली, कल्याणकारी और भक्तों के शारीरिक, मानसिक एवं सांसारिक कष्टों को दूर करने वाली देवी के रूप में पूजित हैं, देवी महागौरी के वस्त्र और आभूषण श्वेत हैं तथा उनका वाहन वृषभ यानी बैल है। उनकी चार भुजाएं हैं। दाहिनी ओर के ऊपरी हाथ में अभय मुद्रा और निचले हाथ में त्रिशूल है, जबकि बाईं ओर के ऊपरी हाथ में डमरू और निचले हाथ में वर मुद्रा सुशोभित है। माता का स्वभाव अत्यंत शांत और स्वरूप मनोहारी माना गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को नवमी के अवसर पर मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।

हवन की पूर्णाहुति और महाआरती के साथ नवरात्रि के धार्मिक अनुष्ठानों का समापन होगा। मंदिर में भंडारे को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है।

सीनियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर बैठक का आयोजन आज



ब्लॉक स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर बाइज को 2-0 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर आगामी दिनों में होने वाली जिला स्तरीय सीनियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर सोमवार को दोपहर 3 बजे मैदान पर स्थित स्टेडियम में जिला फुटबाल एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन एसोसिएशन के सचिव आनंद उपाध्याय की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस मौके पर कोच एवं पदाधिकारी शामिल रहेंगे। वहीं यहां पर जारी ब्लाक स्तरीय जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता के एक तरफा मुकाबले में डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर बाइज को 2-0 से हराया।

सोमवार की शाम को जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर बाइज को 2-0 से हराया, इस मैच में दोनों ही टीम हाफ तक 0-0 की बराबरी पर थी, लेकिन डीएसवायडब्ल्यू की ओर से अग्रिम और कुशाल ने 1-1 गोल करते हुए अपनी टीम को 2-0 से एक तरफा जीत दिलाई।

नवंबर में कराई जाएगी सीनियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता :एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि नवंबर को शहर के चर्च मैदान पर होने वाली सीनियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता में जिले की 10 टीम को शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता की रूपरेखा को तय करने के लिए सोमवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी सीनियर खिलाड़ियों और पदाधिकारियों से दोपहर 3 बजे मैदान पर पहुंचने की अपील की।

प्राचीन जगदीश मंदिर के सामने बने शौचालय को हटाने की मांग

श्रद्धालुओं को बदबू से हो रही परेशानी, स्वच्छता को ध्यान में रखकर उचित कार्रवाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के छावनी क्षेत्र में स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के सामने बने शौचालय को लेकर श्रद्धालुओं में नाराजगी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि शौचालय से आने वाली दुर्गंध के कारण मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शौचालय को मंदिर के सामने से हटाने की मांग की है। श्रद्धालुओं के अनुसार, प्राचीन जगदीश मंदिर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। मंदिर शहर के मध्य स्थित है और यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर के सामने शौचालय होने से स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि मंदिर की गरिमा और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।

मंदिर परिसर में परमार समाज द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर की धार्मिक महत्ता और यहां आने वाले भक्तों की संख्या को देखते हुए आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना आवश्यक है। शौचालय को किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने से श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी दूर हो सकती है। प्राचीन जगदीश मंदिर से प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

ऐसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर के आसपास स्वच्छता और बेहतर व्यवस्था का विशेष महत्व रहता है। श्रद्धालुओं ने संबंधित जिम्मेदारों से मांग की है कि उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए शौचालय को मंदिर के सामने से हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि मंदिर आने वाले भक्तों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

80 वर्ष की आयु पूरी होते ही मिले अतिरिक्त पेंशन वृद्धि का लाभः केएल बैरागी



सीहोर। प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष के.एल. बैरागी ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर वरिष्ठ पेंशनरों को 80 वर्ष की आयु प्रारंभ होने के प्रथम माह से अतिरिक्त पेंशन वृद्धि का लाभ देने के आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी शासन द्वारा भुगतान संबंधी आदेश जारी नहीं किए गए हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने में देरी हो रही है। बैरागी ने पत्र में उल्लेख किया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में उच्च न्यायालय जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रकरण में दायर एसएलपी को सर्वोच्च न्यायालय ने 20 मार्च 2025 को निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद वरिष्ठ पेंशनरों को उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार अतिरिक्त पेंशन वृद्धि का लाभ देने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को उनके देय पेंशन लाभ से वंचित रखना उचित नहीं है। शासन को इस मामले में शीघ्र निर्णय लेते हुए 80 वर्ष की आयु प्रारंभ होने के प्रथम माह से अतिरिक्त पेंशन वृद्धि के भुगतान के आदेश जारी करना चाहिए। बैरागी ने मुख्य सचिव से आग्रह किया है कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लंबित मामले में जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि पेंशनरों को न्यायालय के निर्णय के अनुरूप उनका अधिकार मिल सके।

खबर संक्षेप

राज्य शासन ने पैराक्वेट डाइक्लोराइड के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

सीहोर। राज्य शासन ने पैराक्वेट डाइक्लोराइड नामक कीटनाशक के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कीटनाशक मानव और पशुओं के लिए बेहद हानिकारक है। भारत सरकार ने इस संबंध में पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है। किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने इस खतरनाक कीटनाशक का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा विक्रय और भण्डारण पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिन निर्माताओं के पास पैराक्वेट डायक्लोराइड के पंजीकरण प्रमाण पत्र है उन्हें तत्काल केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड और पंजीकरण समिति को वापस करने के निर्देश दिए हैं। इस कीटनाशक के बचे स्टाक को वापस बुलाकर नियम, प्रक्रिया अनुसार नष्ट करने की कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत पैराक्वेट डाइक्लोराइड के नए रजिस्ट्रेशन और पहले से जारी सभी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट्स को रद्द कर इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। दुनिया के लगभग 70 देशों में इसका उपयोग पहले से प्रतिबंधित है।

सुनील दुबे बने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष



सीहोर। जिला कांग्रेस कमेटी के गठन की घोषणा के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील दुबे को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन के बाद सुनील दुबे ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

वीआईटी यूनिवर्सिटी के पीआरओ डॉ. प्रदीप चौहान का सम्मान



सीहोर। अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्प संख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव पत्रकार के नेतृत्व में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के पीआरओ जिले के वरिष्ठ पत्रकार तथा समाजसेवी डॉ. प्रदीप चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले एवं जिले के वरिष्ठ पत्रकार केजी बैरागी ने शॉल श्रीफल भेट कर प्रदीप चौहान का सम्मान किया तथा प्रदीप चौहान के दीर्घायू की कामना की।

भैरूंदा व गोपालपुर क्षेत्र का भ्रमण, गोपालपुर में नए थाने की जमीन का लिया जायजा

एसपी ने देर रात किया पुलिस चौकी लाड़कुई का औचक निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना ने थाना भैरूंदा एवं गोपालपुर क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने क्षेत्र के आपराधिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना ने शनिवार को थाना भैरूंदा एवं गोपालपुर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान रात लगभग 11 बजे एसपी अचानक लाड़कुई पुलिस चौकी पहुंचीं और औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाड़कुई चौकी पर तैनात कर्मचारियों में अपेक्षित सतर्कता का अभाव मिला। साथ ही डायल 112 के कर्मचारी भी सजग नहीं पाए गए। इस संबंध में उनका स्पष्टीकरण लिया जाकर पृथक से कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने थाना भैरूंदा एवं गोपालपुर क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्होंने क्षेत्र के आपराधिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की। यहां उन्होंने थाने के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और लंबित आपराधिक प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। एसपी ने संपत्ति संबंधी अपराधों, पुराने वारंटियों की धरपकड़, असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही और संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही थाना गोपालपुर के प्रस्तावित नवीन भवन हेतु चिन्हित जमीन का मौका मुआयना किया गया। प्रशासनिक दृष्टिकोण से उपयुक्त सुविधाओं, पहुंच मार्ग और सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जमीन का तकनीकी जायजा लिया गया। एसपी ने थाना प्रभारी गोपालपुर को निर्देशित किया कि निर्माण से संबंधित सभी आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराएं।



पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस बल का मनोबल बढ़ाते हुए निर्देश दिया कि आगामी त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सघन गश्त सुनिश्चित करें, रात्रि चेकिंग प्वाइंट्स सक्रिय रखें और आमजन के साथ शालीन व संवेदनशील व्यवहार रखते हुए सुरक्षा का वातावरण बनाएं।

शारदीय नवरात्रि पर्व पर सामूहिक कन्या पूजन कर कराया भोज सेवा और संस्कार का दिया संदेश



भैरूंदा। शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर सिद्धपुर सेवा भारती समिति, नगर भैरुंदा के तत्वावधान में गायत्री मंदिर प्रांगण में सामूहिक कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इस आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, सेवा भावना और नारी सम्मान का संदेश दिया गया। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है। नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समिति ने सामूहिक कन्या भोज का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक संस्कारों को बढ़ावा देने के साथ लोगों को सेवा और समर्पण के कार्यों से जोड़ना रहा। आयोजन में उपस्थित सदस्यों ने कन्याओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में खंड संघ चालक ब्रजमोहन गौड़, जिला सेवा प्रमुख पारस, नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, कोषाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल, सह कोषाध्यक्ष रानी वर्मा तथा नगर पंचायत अध्यक्ष मारुति शिशिर उपस्थित रहे। इनके साथ मांगीलाल खंडेलवाल, संजय पटेल, वसंत अग्रवाल, राजा राठौर और ऊषा राठौड़ ने भी सहभागिता की। वहीं, संस्कार केंद्र की शिक्षिकाओं पूजा बैरागी, पायल खरे, ऋषिका श्रोत्रिय, पूनम शर्मा, सरिता वर्मा, शक्ति शर्मा, विनीता पवार, सुनीता पवार और रजनी मिश्रा की उपस्थिति रही।

सामूहिक कन्या पूजन और भोज के माध्यम से सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। समिति के सदस्यों के अनुसार ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सिद्धपुर सेवा भारती समिति नगर में सेवा, संस्कार और समाजहित से जुड़े कार्यों के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के माध्यम से जन सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है का संदेश दिया गया।

एमएलडी गरबा ग्रुप सीहोर ने हरदा में जीता 51 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार



माँ आदिशक्ति गरबा प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की 17 टीमों ने लिया हिस्सा

सीहोर। हरदा जिले के हंडिया में आयोजित माँ आदिशक्ति गरबा प्रतियोगिता में सीहोर के एमएलडी गरबा ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 51 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की लगभग 17 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से प्रथम चरण में 10 टीमों ने अगले दौर में अपनी जगह बनाई। इनमें एमएलडी गरबा ग्रुप सीहोर भी शामिल रहा। बजरंग चौक, चौपाटी, पुराना बस स्टैंड हंडिया, जिला हरदा में आयोजित इस प्रतियोगिता में एमएलडी गरबा ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। अन्य टीमों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल कर सीहोर का नाम रोशन किया और 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। प्रतियोगिता के आयोजक मुकेश प्रजापति, राहुल सोनकर, श्याम पाल एवं मनोज तंवर ने ग्रुप के कोरियोग्राफर सम्राट अशोक, सीता दोहरे और पूरी गरबा टीम को शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि से सीहोर के गरबा कलाकारों में उत्साह का माहौल है।

मार्शल आर्ट कुरास में सीहोर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



सीहोर। भोपाल में अयोजित संभाग स्तरीय कुरास प्रतियोगिता में सीहोर के खिलाड़ियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित कर स्वर्णपदक प्राप्त किया एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के किए अपना स्थान पक्का कर लिया। उल्लेखनीय है कि 13 से 14 अक्टूबर को भोपाल टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर की ओर से, वैदिक चौहान 45 किग्रा., शुभम शर्मा 73 किग्रा., हरीश वर्मा 81 किग्रा., आदित्य काजले 55 किग्रा., कु. प्रगति. 40 किग्रा., याशिका 24 किग्रा., योगिता लोधी 52 किग्रा., योगेन्द्र यादव 52 किग्रा., करण राठौर 60 किग्रा., ऋषिका 70 किग्रा., वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सभी चयनित खिलाड़ी दिनांक 26 नवम्बर 2026 से इन्दौर में आयोजित राज्य स्तरीय कुरास प्रतियोगिता सहभागिना करेगें। खिलाडियों की इस अलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान प्राचार्य सुभाष स्कूल आशीष शर्मा, कुरास प्रशिक्षक मंजु प्रजापति, संजय कर्मा, महेन्द्र बाथम, शैलेन्द्र चौहान, मनोज व्यास, लोकेश परमार, अंकित गुप्ता आदि ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभ कामनाएं दी है।

रेहटी में दशहरा उत्सव की तैयारियां जोरों पर, 45 फीट के रावण का होगा दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

नगर रेहटी में बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर 45 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। हिंदू उत्सव समिति रेहटी के तत्वावधान में दशहरा पर्व पर चल समारोह निकाला जाएगा।

यह चल समारोह दोपहर 3 बजे छोटा हनुमान चौक से से शुरू होगा। जो मुख्य मार्गो से होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचेगा। इसके बाद राम दरबार के साथ अखाड़े के कलाकार अपने प्रदर्शन करते हुए पहुंचेंगे, जहां विधि-विधान के साथ 45 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। हिंन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल पटेल ने बताया कि दशहरा महोत्सव की तैयारी यह पूर्ण हो चुकी है और इस बार का दशहरा हिंदू उत्सव समिति के द्वारा भव्य रूप से मनाया जाएगा। रंगारंग आतिशबाजी भी सभी को यहां देखने को मिलेगी। बता दें की रही थी हिंन्दू उत्सव समिति द्वारा परंपरागत अनुसार दशहरा उत्सव मनाया जाता है। यहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगर से लोग रावण दहन के साथ अन्य कार्यक्रमों को देखने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचते हैं।

नवरात्रि में सलकनपुर पहुंच रहे श्रद्धालुओं को मिल रही पेयजल सुविधा, कई वर्षों से जारी है सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



शारदीय नवरात्रि के दौरान सीहोर जिले के प्रसिद्ध मां विजयासन देवी धाम सलकनपुर में दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कोई पदयात्रा कर मां के दरबार में हाजिरी लगा रहा है, तो कोई विभिन्न साधनों से पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर के नीचे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को राहत मिल रही है।

श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की यह व्यवस्था यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स द्वारा की गई है। कंपनी की ओर से मंदिर के नीचे पानी का स्टॉल लगाया जाता है और यह सेवा पिछले कई वर्षों से लगातार जारी है। नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है, ताकि उन्हें दर्शन यात्रा के दौरान पानी के लिए परेशान न होना पड़े।

कंपनी द्वारा पेयजल व्यवस्था के अलावा भी समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य किए जाते रहे हैं। इससे पहले नर्मदा नदी की स्वच्छता के लिए सफाई अभियान चलाया गया था। वहीं मां विजयासन देवी धाम सलकनपुर में भी सफाई अभियान के माध्यम से मंदिर परिसर की स्वच्छता में योगदान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदान शिविर सहित अन्य सेवा गतिविधियां भी आयोजित की जाती रही हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही यह पहल धार्मिक आयोजनों में जनसहयोग और सेवा भावना के महत्व को दर्शाता है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान धर्मपत्नी के साथ पहुंचे सलकनपुर, किए दर्शन



रेहटी। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी धर्मपत्नी के साथ मां विजयासन धाम सलकनपुर पहुंचे एवं दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मातारानी से देश-प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। वे हर नवरात्रि पर सलकनपुर पहुंचकर दर्शन करते हैं। इससे पहले सलकनपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं ने स्वागत, सत्कार किया। केंद्रीय मंत्री ने देवीलोक का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि मातारानी सबको सद्बुद्धि दें, ताकि सभी सत्मार्ग पर चलें। विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि भारत के कल्याण के लिए तो भारत है ही, लेकिन दुनिया में जो परिस्थितियां बन रही हैं उससे भी भारत से ही उम्मीद हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बुधनी विधानसभा के विधायक पंडित रमाकांत भार्गव सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, निर्मला बरेला, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण मीणा, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल ट्रेलर, रिखीराम यादव, अरविंद दुबे,भाजपा मंडल अध्यक्ष सलकनपुर बनवीर सिंह चंद्रवंशी सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खाटू श्याम बाबा का सजा अलौकिक दरबार, भक्तों पर हुई पुष्प और इत्र की वर्षा

भजन संध्या में देर रात तक गूंजे श्याम भक्ति के भजन, बाबा को लगाया गया छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के छावनी स्थित नमक चौराहे पर नव ज्योति संगठन के तत्वावधान में नवरात्रि पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित एक शाम खाटू वाले श्याम के नाम भजन संध्या में श्रद्धालु देर रात तक श्याम भक्ति में लीन रहे। खाटू श्याम बाबा का अलौकिक दरबार सजाया गया, अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई और भक्तों पर पुष्प एवं इत्र की वर्षा की गई। बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। भजन-कीर्तन के बीच पूरा परिसर खाटू नरेश की जय, हारे के सहारे की जय के जयकारों से गूंजता रहा।

श्री श्याम सखा अरदास मंडल और नव ज्योति संगठन के द्वारा आयोजित भजन संध्या में जयपुर के अभिषेक नामा, मक्सी के अमित पारिक, हांसी के लव सोनी, आदर्श दाधीच सहित स्थानीय भजन गायक उत्कर्ष अग्रवाल, अखिलेश माहेश्वरी और संतोष राठौर ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। सजा दो घर को गुलशन-सा, मेरे सरकार आए हैं, मिलोगे मोहन तो बताएंगे, कितना प्यार है हमें और मीठे रस से भरियो, राधा रानी लागे जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या देर रात तक चलती रही। आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया और बाबा श्याम के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान नव ज्योति संगठन के अध्यक्ष हिमांशु सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष वंश पचौरी, उपाध्यक्ष अंशुल ताम्रकार, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सचिव गणेशा जयपुरिया, संगठन मंत्री राघव अग्रवाल और साज-सज्जा प्रभारी चंदन चौरसिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने देश-प्रदेश से आए भजन गायकों का स्वागत एवं सम्मान किया।

संगठन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर संगठन द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हवन की पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। संगठन की ओर से नवरात्रि के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

सप्तमी पर मां कालिका की महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 18 वर्षों से प्रतिमा स्थापना की परंपरा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर नगर में जगह-जगह माता रानी की आराधना की जा रही है। इसी क्रम में नगर के बस स्टैंड स्थित अखिल भारतीय क्षत्रिय कलौता समाज धर्मशाला में विराजमान मां कालिका की प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

नवरात्र की सप्तमी पर यहां महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मां कालिका की आरती की और प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में नजर आया और श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अखिल भारतीय क्षत्रिय कलौता समाज द्वारा पिछले 18 वर्षों से लगातार शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां कालिका की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। इस वर्ष प्रतिमा स्थापना का 18वां वर्ष है।

समाज के लोगों द्वारा हर वर्ष इस परंपरा को श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाया जाता है। नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक धर्मशाला में धार्मिक आयोजन होते हैं। प्रतिदिन श्रद्धालु यहां पहुंचकर मां कालिका के दर्शन करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। मां कालिका की पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान मुख्य पंडित आलोक शास्त्री एवं अजय पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न कराए जा रहे हैं। प्रतिमा स्थापना के 18वें वर्ष में नेहरूगांव निवासी मंगल पंवार यजमान के रूप में धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हैं। वहीं, प्रतिदिन संध्या आरती का आयोजन बोरखेड़ा के सरपंच रामविलास एवं उनके मंडल द्वारा किया जाता है। आरती के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव से मां की आराधना करते हैं। इसके बाद उपस्थित भक्तों को प्रसादी वितरित की जाती है। पिछले 18 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा के चलते मां कालिका की स्थापना नगर में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। नवरात्र के दौरान यहां नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

सीएमएचओ कार्यालय के निरीक्षण में कलेक्टर सख्त, 3 कर्मचारियों को नोटिस

तबादले के बाद भी खाली नहीं किए सरकारी आवास, वसूली के आदेश

व्यवस्थाएं सुधारने दिया 1 हफ्ते का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयीन कामकाज में लापरवाही और अनियमितता पाए जाने पर 3 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में स्थित शासकीय आवासों पर अवैध रूप से काबिज स्थानांतरित और मुख्यालय छोड़ चुके कर्मचारियों से लोक निर्माण विभाग की गाइडलाइन के अनुसार बकाया किराया वसूलने के सख्त आदेश जारी किए गए हैं।

अधूरी मिली केशबुक

शुक्रवार को ही कलेक्टर ने डॉ. शेख जलालुद्दीन को सीएमएचओ पद का प्रभार सौंपा था, जिसके तुरंत बाद कार्यालयीन व्यवस्थाओं का धरातलीय जायजा लेने के लिए यह भ्रमण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत में कलेक्टर सबसे पहले लेखा शाखा पहुंचे। यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-3 प्रभा देवड़ा द्वारा केश बुक अधूरी रखी पाई गई, जिस पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

स्थापना शाखा में भी मिली कई खामियां: इसके पश्चात स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा प्रभारी पूजा सोनी और सीमा परिहार द्वारा भी अपने-अपने दायित्वों का रिकॉर्ड अपडेट नहीं पाया गया, जिस पर उन्हें भी नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। कलेक्टर ने नव-नियुक्त सीएमएचओ डॉ. शेख जलालुद्दीन को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्थापना शाखा से होने वाले समस्त पत्राचार की अनिवार्य रूप से नोटशीट तैयार कर प्रस्तुत की जाए। साथ ही कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का शाखावार विवरण तथा कौन कर्मचारी कब से किस पद पर कार्यरत है, इसकी विस्तृत सूची तैयार करने के आदेश

सात दिनों बाद फिर से निरीक्षण करेंगे कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कार्यालय के समस्त जिम्मेदार स्टाफ को अपनी-अपनी शाखाओं के कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूरी तरह व्यवस्थित करने की अंतिम समय-सीमा दी है। उन्होंने चेताया कि सात दिनों के भीतर पुनः औचक निरीक्षण किया जाएगा और यदि इस दौरान कोई खामी या लापरवाही उजागर होती है, तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. मनीष चैहान और प्रभारी डीपीएम सुनील वर्मा भी मौजूद रहे।

ट्रांसफर के बाद भी सरकारी फ्लेटों में ये हैं काबिज

जानकारी के अनुसार स्थानांतरण के बाद भी सरकारी आवासों में रहने वाली कर्मचारियों में स्टाफ नर्स दीपा परिहार, डिम्पल वर्मा, सुरेखा मलखाम एवं एएनएम प्रमिला राठौर शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देशों पर अब इन सबसे अब स्थानांतरण दिनांक से अब तक की किराया वसूली की जाएगी वहीं आवास भी खाली करना पड़ेगा।

आस्थाः मन्नत पूरी होने पर आत्माराम ने सब्जी मंडी से महिषासुर मर्दिनी मंदिर तक की लोटन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़



नगर में आस्था और विश्वास का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। नगर के आलमगढ़ निवासी आत्माराम मालवीय ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर माता रानी के प्रति अटूट श्रद्धा प्रकट करते हुए एक भव्य लोटन यात्रा (कनक दंडवत) लगाई। यह कठिन यात्रा अष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित की गई।

श्रद्धालु आत्माराम ने अपनी यह लोटन यात्रा शामगढ़ के व्यस्त सब्जी मंडी चौराहा माताजी गेट से प्रारंभ की। यहाँ से वे सड़क पर लेट-लेटकर (लोटन लगाते हुए) आगे बढ़े। उनकी यह यात्रा शामगढ़ नगर की आराध्य देवी, अति प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी के मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। अष्टमी के पावन अवसर पर माता के दरबार की ओर जा रही इस लोटन यात्रा को देखने के लिए स्थानीय श्रद्धालु और राहगीर एकत्रित हो गए। कठिन साधना और तप के साथ मंदिर परिसर पहुँचने पर आत्माराम ने मां महिषासुर मर्दिनी के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर माथा टेका। नगरवासियों का कहना है कि अति प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर के प्रति क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था है, और यहाँ सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। आत्माराम की यह भक्ति देख हर कोई भावविभोर नजर आया।

किसानों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो : गुर्जर



मंदसौर। मंदसौर जिले में नकली खाद-बीज की बिक्री को लेकर जिले भर से किसानों की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह स्थिति किसानों के हितों और कृषि व्यवस्था की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नकली खाद-बीज की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। गुर्जर ने कहा कि किसान अपनी मेहनत, बहुमूल्य समय और पूंजी लगाकर फसल तैयार करता है। ऐसे में यदि उसे नकली खाद-बीज मिलता है, तो उसकी मेहनत और आर्थिक सुरक्षा पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। किसानों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले भर से किसानों की शिकायतें सामने आना बेहद चिंताजनक है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कृषि विभाग की निगरानी में नकली खाद-बीज की बिक्री कैसे हो रही है और किसानों की शिकायतों पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है? कृषि विभाग का दायित्व है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध हो तथा उनके साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी न होने पाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने मांग की कि जिले में खाद-बीज विक्रेताओं की नियमित जांच की जाए, संदिग्ध उत्पादों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए, किसानों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो तथा कृषि विभाग की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच की जाए। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसानों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी न हो।

संभागीय कराते में वरुण साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जीता स्वर्ण पदक



खिलचीपुर। भोपाल में 14 अक्टूबर को आयोजित संभागीय कराते प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के वरुण साहू पिता गोविंद साहू ने अपनी अद्भुत खेल तकनीक ओर आक्रामक कौशल का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता है। वहीं जीवन सिंह वर्मा , भूपेंद्र प्रजापति व अमन वर्मा ने द्वितीय स्थान ओर रुद्र प्रताप सिंह, मोहित चैहान , अरुण भील ने तृतीय स्थान हासिल किया है। वरुण की इस स्वर्णिम सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।इस ऐतिहासिक जीत पर जिला खेल अधिकारी महेंद्र परमार ओर विद्यालय के महेंद्र सोलंकी ने वरुण को बधाई दी।

स्टेट जूडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का परचम, जीते 5 स्वर्ण व 4 कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्कूल स्टेट जूडो चैंपियनशिप-2026 में खेलो इंडिया सेंटर राजगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण एवं 4 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बच्चों से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रतियोगिता में गोल्ड पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में साक्षी गुप्ता, मैना सौंधिया, कुश वजार, ज्योतिराज प्रजापति, पुष्पेंद्र भदौरिया एवं सुमित प्रजापति शामिल हैं। वहीं कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में दिक्षांत प्रजापति, भाविका गौर, मनीष जाटव एवं हरिओम प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया सेंटर राजगढ़ में खिलाड़ियों को नियमित जूडो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और समर्पण को दर्शाती है। राज्य स्तर पर मिली इस सफलता से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और अब उनका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है।

महर्षि पब्लिक स्कूल में गरबा, डांडिया ने मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। छात्र छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति अनुरूप वेशभूषा धारण कर गरबा डांडिया नृत्य किया।पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों की छटा देखने को मिली।गरबा कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं मां जगदंबा की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, योगेश भावसार, राजेश राठौर, डॉ. बी.एल. गुर्जर, चंदन सिंघी , संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवचरण दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भव्य ग्लोबल स्कूल में गरबा महोत्सव का भव्य समापन



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। स्थानीय भव्य ग्लोबल स्कूल में भक्ति और उत्साह के साथ श्गरबा महोत्सव 2.0श संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की संगीतमय आरती व पूजा-अर्चना के साथ हुई।पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने डांडिया की थाप पर शानदार प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी समृद्ध संस्कृति से जुड़ते हैं।उत्कृष्ट गरबा प्रदर्शन व वेशभूषा के लिए बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अंत में विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों व स्टाफ का आभार जताया।

अभद्र व्यवहार का आरोप

नर्सिंग ऑफिसर से अभद्रता करने पर मामला किया दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

शासकीय सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान नर्सिंग ऑफिसर के साथ कथित अभद्रता, अश्लील गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है।

पिपलिया बीजारेल निवासी उदय पर आरोप लगाए गए हैं कि नर्सिंग ऑफिसर कुसुमलता सिविल अस्पताल में ड्यूटी कर रही थी उसी दौरान महिला कि डिलीवरी करावाने लाए युवक ने समय सीमा बताने की बात की ओर ड्यूटी नर्सिंग आफीसर से विवाद कर लिया।पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 132 और 296(ख) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस के मुताबिक घटना 15 अक्टूबर रात 11.30 बजे के लगभग की है, जहा डिलीवरी के दौरान लगने वाले समय को लेकर विवाद हुआ।आरोप है कि उदय सिंह ने नर्सिंग ऑफिसर पर डिलीवरी का समय निश्चित बताने के लिए दबाव बनाया। समय निश्चित नहीं बता पाने पर अस्पताल से हटवाने की धमकी देने और अश्लील गाली-गलौज कर अभद्र व्यवहार करने का आरोप भी लगाया गया है।

एक क्विंटल फलों से हुआ मां कालका का श्रृंगार, 51 किलो रबड़ी का लगाया भोग

कैलाश मार्ग अंबेडकर चौराहा पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, दशहरे पर कन्या पूजन के बाद होगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शहर के कैलाश मार्ग, अंबेडकर चौराहा स्थित मां भवानी गरबा मंडल समिति द्वारा नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन माता के दरबार में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। सप्तमी के अवसर पर शनिवार को मां कालका का फलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तो ने दर्शन किए और गरबे का आनंद लिया। मां कालका का करीब एक क्विंटल विभिन्न प्रकार के फलों से श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे।

इस विशेष आयोजन के दौरान मां कालका को 51 किलो रबड़ी का भोग अर्पित किया गया। विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन एवं आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच रबड़ी की प्रसादी वितरित की गई। भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मां भवानी गरबा मंडल समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन रात्रि 9 बजे माता जी की आरती के बाद गरबा आयोजन किया जा रहा है। गरबा आयोजन में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि यहां बचपन से लेकर करीब 55 वर्ष तक की माताएं-बहनें भारतीय संस्कृति और पारंपरिक परंपराओं के अनुरूप गरबा कर रही हैं। माता की आराधना के साथ गरबा आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

दशहरे पर कल होगा भंडारा

आयोजन समिति द्वारा बताया कि हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 20 अक्टूबर दशहरे के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे से पहले शाम 5 बजे कन्या पूजन किया जाएगा। कन्या पूजन के पश्चात भंडारा प्रारंभ होगा, जो माता की इच्छा तक निरंतर चलता रहेगा। समिति ने शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं से भंडारे में शामिल होकर माता का आशीर्वाद लेने और प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

एबी रोड पर बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर घायल



सारंगपुर। एबी रोड पार नेनवाड़ा जोड़ के समीप शनिवार को नेशनल हाईवे पार कर रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग दशरथ पिता भावर लाल 72 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से घायल को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग राजाराम शनिवार को मांग्याखेड़ी गांव से नेनवाड़ा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहा से लौटते समय उक्त हादसा हो गया।

मीडिया जगत ने की श्री अम्बे माता मंदिर में आरती

माताराानी के दरबार में सभी भक्त एकसमान हैं: डॉ बटवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नवरात्रि केवल गरबों का त्यौहार नहीं है। बल्कि यह शक्ति की आराधना, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। माताराानी के दरबार में सभी भक्त एकसमान हैं। श्री अम्बे माता मित्र मंडल बधाई का पात्र है। यह बात पत्रकार डॉक्टर घनश्याम बटवाल ने कही। वे यहां श्री अम्बे माता मंदिर प्रांगण खानपुरा में आयोजित गरबा महोत्सव के दौरान सम्बोधित कर रहे थे। पत्रकार नरेंन्द्र धनोतीया ने कहा कि मंदसौर में ऐसे कई मंदिर हैं जो अति प्राचीन हैं। इनमें स्थापित भगवान की प्रतिमाएं चमत्कारी हैं। पत्रकारगण नरेंद्र अग्रवाल, योगेश पोरवाल, धर्मेन्द्र सिंह रानेरा ने भी श्री अम्बे माता की आरती की। अतिथियों का स्वागत कृष्णा गढिया, हनी पालीवाल, संजय टांक, शुभम पालीवाल, बंटू नामदेव, प्रथम नामदेव, साहिल बोरीवाल, हर्षित परमार, राघव बघेरवाल,महेश मेडतवाल, श्रीकांत कुमारिया, हितेश देशमुख आदि ने किया।

परंपरागत दहन स्थल को छोड़कर अन्य स्थान पर होगा रावण दहन कार्यक्रम

41 फीट रावण के साथ कुंभकर्ण-मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में इस वर्ष विजयदशमी दशहरा पर्व पर 41 फीट ऊंचे दशानन रावण के पुतले के साथ कुंभकर्ण व मेघनाथ के 21- 21 फीट ऊंचे पुतले का दहन होगा। सैकड़ों वर्षों से परंपरागत रूप से मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित जिस मैदान पर रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम होता आ रहा है, लेकिन इस बार रावण को अपने पुराने आशियाने को छोड़कर नए आशियाने के रूप में तीर्थ यात्री सेवा सदन के पीछे वाले मैदान में राम के हाथों दहन होना पड़ेगा।

नगर में पूर्व समय में दशहरा पर्व पर रावण के पुतले का निर्माण नगर के ही सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा नगरवासियों से चंदा एकत्रित कर स्थानीय कलाकारों के हाथों ही रावण के पुतले का निर्माण करवाया जाता था। वहीं राम लक्ष्मण की सवारी की व्यवस्था भी इन्हीं के द्वारा देखी जाती थी।

लेकिन पिछले 25 वर्षों से रावण दहन का यहां आयोजन नगर पालिका तथा वर्तमान में नगर परिषद द्वारा किया जाकर रावण के पुतले का निर्माण तथा आतिशबाजी के लिए टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कार्य करवाए जा रहे हैं। इस वर्ष विजय अहिरवार भोपाल द्वारा रावण तथा मेघनाथ कुंभकर्ण के पुतले का निर्माण किया गया है। नगर में दशहरा का पर्व 20 अक्टूबर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सायं 5 बजे किला रोड स्थित श्री सांवलिया नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद नगर में भगवान श्री राम लक्ष्मण व हनुमान जी की शोभायात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवकों के पथ संचलन के साथ प्रारंभ होगी।

जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई रावण दहन स्थल सेवा सदन के पीछे पहुंचेगी। जहां पर वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के साथ नगर परिषद पदाधिकारी व अधिकारी प्रतीकात्मक रूप से शमी पौधे व भगवान श्री राम का पूजन कर आरती करेंगे।

रावण दहन के पूर्व नगर पंचायत द्वारा आगरा तथा गुना से बुलवाए गए आतिशबाजो द्वारा रंगा रंग व आकर्षक आतिशबाजी के नजारे आकाश मंडल में दिखायें जाएंगे जिसका लुप्त हजारों नगर वासियों द्वारा उठाया जाएगा। आतिशबाजी के पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अग्निबाण चलाकर दशानन, कुंभकर्ण मेघनाद के पुतलों का दहन करेंगे। दशहरा मैदान से लौटने के बाद नागरिक अपने-अपने घरों पर पूजन तथा मंदिर में देव दर्शन करने के बाद एक दूसरे को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देंगे।

खबर संक्षेप

खीर और नुक्ती का आज लगेगा भोग

सीहोर। नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के विश्रामघाट स्थित प्राचीन मरीह माता मंदिर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। नवरात्रि के आठवें दिन रविवार को मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महाष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया गया। वहीं, सोमवार को नवमी के पावन अवसर पर मंदिर में हवन, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर के व्यवस्थापक गोविंद मेवाड़ा और रोहित मेवाड़ा सहित अन्य सेवादारों द्वारा नवमी के आयोजन की तैयारियां की गई हैं। सोमवार सुबह साढ़े सात बजे हवन प्रारंभ होगा। सुबह साढ़े दस बजे हवन की पूर्णाहुति और महाआरती के बाद विशाल भंडारा शुरू किया जाएगा। इसमें 4 क्विंटल खीर, 1 क्विंटल नुक्ती, नमकीन, आलू-छोले की सब्जी और पूड़ी का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद मंदिर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप देवी महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी का स्वरूप अत्यंत गौरवर्ण और सौम्य है। कठोर तपस्या के प्रभाव से माता ने गौर वर्ण प्राप्त किया था।

स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़

लापरवाही: किराए की लैब, झोलाछाप डॉक्टर मरीजों को दे रहे हैवी एंटीबायोटिक्स

गली-मोहल्लों में क्लीनिक के साथ बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर खुल गए हैं, जो मरीजों की जान से खिलवाड कर रहे है, जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में इन दिनों स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर लोगों की जान से खिलवाड़ का बड़ा कारोबार चल रहा है। गली-मोहल्लों में हर क्लीनिक के साथ बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर खुल गए हैं। फर्जी डॉक्टर और बिना मापदंड के दवा बेचने का धंधा बेरोकटोक चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीच-बीच में कार्रवाई की जा रही है, लेकिन ड्रग कंट्रोल विभाग की अनदेखी के कारण मेडिकल का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। दर्जनों मेडिकल स्टोर बिना वैध लाइसेंस और फार्मासिस्ट के चल रहे हैं। यहां प्रतिबंधित और बिना बिल की दवाएं तक बेची जा रही हैं। हर गली में क्लीनिक खुले हैं, जहां फर्जी डिग्री के सहारे इलाज किया जा रहा है। इन क्लीनिकों के साथ ही संचालकों ने खुद के मेडिकल भी खोल रखे हैं, जहां मरीजों को महंगी और अनावश्यक दवाएं थमा दी जाती हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि ड्रग इंस्पेक्टर के साथ संयुक्त टीम बनाकर नगर के सभी मेडिकल स्टोर और क्लीनिकों की जांच की जाए। इन क्षेत्रों में सबसे अधिक अवैध कारोबार : सिविल अस्पताल के पीछे, कन्नौद रोड, कॉलोनी चौराहा, सेमनरी रोड, अलीपुर, कसाईपुरा, बुधवारा और राठौर मंदिर के आसपास सबसे अधिक निजी क्लीनिक और मेडिकल स्टोर खुले हैं। कई जगह तो एक ही गली में 4 से 5 मेडिकल संचालित हो रहे हैं।अनपढ़ को इलाज करते हुए पकड़ा था : कुछ महीने पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की थी। बीएमओ डॉ.अमित माथुर के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में छापा मारकर एक अनपढ़ महिला और उसके बेटे को इलाज करते पकड़ा था। मौके पर सर्जरी तक की तैयारी मिली थी। इसके बावजूद नगर में फर्जी डॉक्टरों पर प्रभावी लगाम नहीं लग पाई। कार्रवाई की सूचना पहले ही लीक हो जाती है, जिससे अधिकांश झोलाछाप डॉक्टर दुकान बंद कर फरार हो जाते हैं।पैथोलॉजी में भी चल रही धांधली नगर में अधिकांश लैब किराए के पैथोलॉजिस्ट के लाइसेंस पर संचालित हो रही हैं। लैब में बैठने वाला व्यक्ति अप्रशिक्षित होता है, फिर भी खून जांच से लेकर गंभीर रिपोर्ट तक जारी कर दी जाती हैं। गलत रिपोर्ट के कारण मरीजों का गलत इलाज का खतरा भी बढ़ा है।

कार्रवाई की जाती है

फर्जी क्लीनिक चलाने वालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है। सूचना मिलने पर सील भी किया जाता है।

डॉ. अमित माथुर, सीबीएमओ

नगर में दशहरा उत्सव की हो रही विषेष तैयारियां

हिंदू उत्सव समिति ने संभाला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में प्रतिवर्ष 1008 संत श्रीरामदास बाबा की स्मृति में मनाए जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी भव्य दशहरा उत्सव एवं मेले का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा।

समिति द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार इस पूरे महोत्सव के दौरान कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। दशहरे के अवसर पर नगर में आकर्षक आयोजन होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।हिंदू उत्सव समिति जावर के अध्यक्ष अजय ठाकुर गब्बर, सचिव गोकुल अजमेरा और कोषाध्यक्ष नीरज ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि नगर में दशहरे का पर्व इस बार और भी भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इसे लेकर समिति द्वारा तैयारियां अंतिम दौर में हैं। आयोजन स्थल की सजावट, मंच व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर दशहरा उत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

दो दिवसीय संस्कृति गरबा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सुभाष नगर स्थित संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय 'संस्कृति गरबा महोत्सव 2026' का गरिमामय एवं भव्य आयोजन संस्था के डायरेक्टर व प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

मां जगदंबे के पूजन के साथ हुआ शुभारंभ- कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय मेवाड़ा, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल, सुशील संचेती, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय एवं युवा पत्रकार धनंजय जाट द्वारा मां जगदंबे महारानी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की नन्हीं छात्रा ने हाथ में त्रिशूल लेकर मां जगदंबे का स्वरूप धारण किया, जिसकी मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों की शानदार और मनमोहक गरबा प्रस्तुति से प्रसन्न होकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने उन्हें 5,100 की प्रोत्साहन राशि दी। तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर भावभीना स्वागत किया गया। महोत्सव के दौरान विद्यालय परिवार, स्टाफ एवं उपस्थित अतिथियों ने मां जगदंबे की भक्ति में लीन होकर गरबा रास किया। माता रानी के सुमधुर भजनों पर सभी श्रद्धालु भक्तिभाव से गरबा करते नजर आए, जिससे संपूर्ण प्रांगण धर्ममय हो उठा। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय ने बताया, हमारे विद्यालय का नाम ही 'संस्कृति' है। विद्यालय की मातृशक्ति, स्टाफ एवं छात्राओं की प्रबल इच्छा थी कि परिसर में गरबा महोत्सव का आयोजन हो। इसी क्रम में दो दिवसीय गरबा महोत्सव आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में धार्मिक व सांस्कृतिक चेतना जगाना, उन्हें अपने धर्म के प्रति जागरूक करना और अपनी महान संस्कृति से जोड़ना है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद तेजसिंह राठौर, आशुतोष शर्मा, पत्रकार नवीन शर्मा, एडवोकेट नीलेश कुमार शर्मा तथा ओंकार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था द्वारा इन सभी गणमान्य अतिथियों का भी पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।

आस्था और परंपरा के साथ संपन्न हुआ कन्या भोज, कपड़े पर लिए कुमकुम वाले पगलिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पवित्र नवरात्रि पर्व की सप्तमी तिथि पर अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री धनंजय जाट के साईं कॉलोनी स्थित जाट निवास पर अपार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में नवरात्रि परंपराओं का पूर्ण निष्ठा से पालन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में धनंजय जाट की पूज्य माताजी श्रीमती अयोध्या बाई ने कन्याओं का तिलक कर उनकी आरती उतारी और सुख-समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात, धनंजय जाट एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी जाट ने कन्याओं के चरण पखारकर (धोकर) उन्हें आदरपूर्वक आसन दिया। दंपति ने परंपरा अनुसार कन्याओं के पैरों में कुमकुम लगाकर वस्त्रों पर उनके 'पगलिये' (चरण चिह्न) अंकित किए और सभी कन्याओं को उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर परिवार के सदस्य साक्षी, निहारिका, सोनाक्षी, जिगर, कुबेर एवं डिंपल जाट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश संगठन मंत्री धनंजय जाट ने कहा, ₹हिंदू संस्कृति में नन्हीं कन्याओं को मां दुर्गा का ही प्रत्यक्ष स्वरूप माना गया है। वस्त्र पर कुमकुम से कन्याओं के पगलिये लेना गृह में मां लक्ष्मी के स्थायी वास, बरकत और अपार सुख-समृद्धि का प्रतीक है। नवरात्रि में कन्या पूजन करने से माता रानी अत्यंत प्रसन्न होती हैं, जिससे घर की समस्त नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है तथा बच्चों को आरोग्य, यश और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने आगे अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि कन्या भोज के समय नन्हीं-नन्हीं कन्याओं का घर में पधारना और मुस्कुराते हुए भोजन ग्रहण करना ऐसा अनुभव कराता है मानो स्वयं माता रानी का दरबार सज गया हो। उनका हंसता हुआ चेहरा और पवित्र आशीर्वाद पूरे परिवार को एक अलौकिक और सुखद अनुभूति से भर देता है। उन्होंने सभी से नवरात्रि के इस पावन पर्व पर अपने घरों में कन्या भोज आयोजित करने का आग्रह किया।

नगर में दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति ने की शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर खेड़ापति मंदिर जावर में शस्त्र पूजन किया शस्त्र पूजन कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर, प्रखंड संयोजक कपिल खरे , प्रखंड समरसता प्रमुख सुनार सिंह ठाकुर, प्रखंड सह संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर ,खजुरिया खंड अध्यक्ष महेंद्र सिंह, जावर नगर सह संयोजक कृष्णपाल प्रजापति, सदस्य देवेंद्र एवं अखाड़ा गुरु नारायण सिंह ठाकुर, उस्ताद मंदिर पुजारी गुरुदेव प्रमोद शर्मा की उपस्थिति में शस्त्र पूजन किया गया।

शस्त्र पूजन कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा आज हम शस्त्र पूजन कर रहे हैं। शस्त्र पूजन केवल हथियार की पूजा नहीं है। यह संकल्प की पूजा है। यह सुरक्षा की पूजा है। हमने इतिहास में देखा है - जब-जब धर्म पर संकट आया, जब-जब नारी शक्ति पर अत्याचार हुआ, तब माँ दुर्गा ने शस्त्र उठाया। माँ दुर्गा ने हमें सिखाया है कि नारी केवल ममता की मूर्ति नहीं, वह आवश्यकता पड़ने पर चंडिका भी बन सकती है। आज की दुर्गा वाहिनी वही चंडिका का रूप है मैं माताओं-बहनों से आह्वान करता हूँ। आप घर की लक्ष्मी हैं, लेकिन वक्त आने पर दुर्गा भी आपको ही बनना है। अपनी बेटियों को दुर्गा वाहिनी से जोड़िए। उन्हें आत्मरक्षा सिखाइए, उन्हें शास्त्र और शस्त्र दोनों का ज्ञान दीजिए। शस्त्र पूजन हमें याद दिलाता है कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन कायरता नहीं। हम हाथ में माला भी रखेंगे और आवश्यकता पड़ने पर भाला भी। वैसे भी जावर की बेटियां शस्त्र चलाने में पारंगत है क्योंकि यहां की बेटियां पढ़ाई के साथ-साथ अखाड़ा भी खेलती है, उद्बोधन के पश्चात सभी बालिकाओं ने शस्त्र पूजन किया।

विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का किया स्वागत

सीहोर। कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री घनश्याम चंद्रवंशी रविवार को सीहोर स्थित पत्रकार एवं समाजसेवी आशीष गुप्ता के निजी निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर आशीष गुप्ता ने विधायक चंद्रवंशी का अंगवस्त्र पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात में आपसी स्नेह, सम्मान और सामाजिक समरसता की भावना देखने को मिली।
मुलाकात के दौरान जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों के बीच संवाद की महत्ता तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। दोनों के बीच आत्मीयता का भाव दिखाई दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



इंदौर-भोपाल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना अमला जोड़ के पास की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रितिक पिता राइडर निवासी अमझेरा, जिला धार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक अपनी बाइक से जा रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।हादसे की सूचना मिलते ही जावर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार इस हादसे की मुख्य वजह बनी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ किला मंदिर में धर्मसभा को किया संबोधित

धर्म की प्राप्ति के लिए संयम और सम्यकदृष्टि जरूरी: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आत्मकल्याण और मोक्षमार्ग पर आगे बढ़ने के लिए जीवन में सम्यकदृष्टि, सम्यकज्ञान और सम्यकचारित्र को अपनाना आवश्यक है। रत्नात्रय धर्म की प्राप्ति के लिए त्याग और संयम का मार्ग स्वीकार करना पड़ता है। संसार के मोह-माया और सांसारिक आकर्षणों से ऊपर उठकर आत्मा के वास्तविक स्वरूप को समझने का पुरुषार्थ करना होता है। सम्यकदर्शन सहज ही प्राप्त होने वाली उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मजागृति, सही श्रद्धा और आध्यात्मिक पुरुषार्थ का परिणाम है। यह प्रेरक आशीष वचन समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने जैन दर्शन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को स्पष्ट करते हुए धर्म के प्रति जागरूकता, आत्मचिंतन और संयमित जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। मुनि सागर महाराज ने कहा कि सम्यकदृष्टि जीव को ही सम्यकदर्शन की प्राप्ति होती है, मिथ्यादृष्टि जीव को नहीं। सम्यकदृष्टि का अर्थ केवल धार्मिक क्रियाएं करना नहीं, बल्कि सत्य तत्वों के प्रति सही श्रद्धा और दृष्टिकोण विकसित करना है। जब तक जीव की दृष्टि सही नहीं होगी, तब तक उसके ज्ञान और आचरण को भी सही दिशा नहीं मिल सकती। जैन दर्शन में सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान और सम्यकचारित्र को रत्नात्रय कहा गया है। ये तीनों मोक्षमार्ग के आधार हैं। सम्यकदर्शन तत्वों के प्रति सही श्रद्धा, सम्यक ज्ञान उनका यथार्थ बोध और सम्यकचारित्र उस समझ के अनुरूप जीवन जीने का मार्ग है। इन तीनों का समन्वय ही साधक को आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ाता है। मुनिश्री ने कहा कि सम्यकदृष्टि वाले जीव का लगाव सम्यकदृष्टि और सम्यक विचारों के प्रति रहता है। व्यक्ति को अपने जीवन में यह विचार करना चाहिए कि उसकी रुचि किस ओर है और उसकी दृष्टि किस दिशा में जा रही है। यदि मन निरंतर सांसारिक आकर्षणों, मोह और विषय-वासनाओं में उलझा रहेगा, तो आत्मचिंतन के लिए अवसर कम होता जाएगा। जैन सिद्धांत के अनुसार, मिथ्यात्व जीव को तत्वों के वास्तविक स्वरूप को समझने से रोकता है, जबकि सम्यकदर्शन आत्मा और धर्म के प्रति सही श्रद्धा का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए अपने विचारों, मान्यताओं और व्यवहार की समीक्षा करते हुए सत्य को समझने का प्रयास करना चाहिए। केवल बाहरी धार्मिक गतिविधियां पर्याप्त नहीं हैं, उनके साथ भीतर भी सही दृष्टि और श्रद्धा का विकास होना आवश्यक है। मुनि सागर महाराज ने कहा कि रत्नात्रय धर्म और को प्राप्त करने के लिए घर-परिवार सहित सांसारिक बंधनों का त्याग कर संयम का मार्ग अपनाया जाता है। साधु जीवन का उद्देश्य आत्मकल्याण और मोक्षमार्ग की साधना है। त्याग का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसके साथ आत्मसंयम, वैराग्य और आत्मा के प्रति जागरूकता भी हो। मुनि सागर महाराज ने दिन में सोने से बचने की सलाह देते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में दिन में नहीं सोना चाहिए, हालांकि स्वास्थ्य खराब होने पर विश्राम करना अलग बात है। उनके इस संदेश का भाव जीवन में अनुशासन, समय के सदुपयोग और जागरूकता को महत्व देना है। धर्मसभा में मुनिश्री के आशीष वचनों ने यह संदेश दिया कि मनुष्य को केवल सांसारिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भी समझना चाहिए। सम्यकदर्शन के माध्यम से सही श्रद्धा, सम्यकज्ञान से तत्वों का बोध और सम्यकचारित्र से जीवन में उनका आचरण विकसित होता है। यही रत्नत्रय धर्म आत्मकल्याण और मोक्षमार्ग की आधारशिला है।

कन्या भोज कर सुख समृद्धि की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम बमूलिया रायमल में दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर माता मंदिर में कन्या भोजन एवं देवता जागरण का आयोजन किया गया। गांव में सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए ग्रामीणों ने माता रानी के दरबार में यह आयोजन किया। मान्यता है कि देव बाबा की कृपा से ग्राम में हर वर्ष अष्टमी के दिन कन्या भोजन का आयोजन होता है, जिसमें सभी ग्रामीण बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। इस वर्ष भी सभी ग्रामीणजनों के सहयोग से भव्य कन्या भोजन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और किसानों ने माता रानी से अच्छी फसल और गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन कर भोजन कराया गया और आशीर्वाद लिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।